समाचार

पम्प हाउस झोपड़ीपारा में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया महापौर ने

कोरबा 13 फरवरी 2023 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस झोपड़ीपारा में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होने भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन व पूजा अर्चना कर टूर्नामेंट का शुभारंभ कराया, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा बैंटिंग कर प्रतियोगिता की शुरूआत कराई। उन्होने आयोजन समिति व खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा खिलाड़ीभावना के साथ खेल खेलने को कहा।

नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस झोपड़ीपारा में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए टूर्नामेंट का शुभारंभ कराया। इस मौके पर उन्होने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन से वार्ड व बस्तियों में छिपी खेल प्रतिभाओं को अपने खेल कौशल प्रदर्शित करने के अवसर प्राप्त होते हैं, इस तरह की प्रतियोगिताएं निश्चित रूप से आयोजित होनी चाहिए, इन्हीं आयोजनों से खिलाड़ी निकलकर जिला/प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं। उन्होने आयोजन समिति को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी तथा खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेल खेलने व अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एल्डरमेन रामगोपाल यादव, रामकुमार साहू, जितेन्द्र डडसेना, शिवनारायण श्रीवास , गौतम कुमार आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।